भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 3021

गुरूवार, 13 अगस्त, 2026/22 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

महाराष्ट्र में पर्यटन अवसंरचना

3021 श्री धनंजय भीमराव महाडिकः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने महाराष्ट्र में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों और प्रमुख तीर्थ स्थलों पर पर्यटन अवसंरचनाओं को सुधारने के लिए कोई पहल की है;

(ख) स्वीकृत की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) आवंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): विभिन्न स्थलों पर पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने हेतु प्रमुख आकर्षणों, सुविधाओं का विकास और पहचान मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय अपनी विभिन्न योजनाओं जैसे, 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)', 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)' और स्वदेश दर्शन 2.0 की एक उप-योजना -'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य सहित पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

महाराष्ट्र के लिए उपर्युक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं और आवंटित निधि का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ): पर्यटन मंत्रालय ने अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से देश भर में पर्यटकों के अनुभव को समग्र रूप से बेहतर बनाने और उन्नत करने के लिए विभिन्न पहलों जैसे पर्यटक सूचना केंद्र, कतार प्रबंधन परिसर, प्रतीक्षालय, क्लॉक रूम, अप्रोच रोड का चौड़ीकरण, तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी, फुट-ओवर ब्रिज, पार्किंग, शौचालय, कूड़ेदान, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं और अन्य स्थल संबंधी विकास कार्यों को मंजूरी दी है। उपर्युक्त योजना के तहत निष्पादित परियोजनाएं पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करने के उद्देश्य से समग्र और स्थायी तरीके से पर्यटन अवसंरचना विकास सुनिश्चित करते हुए पर्यटकों के अनुभवों को बेहतर बनाती है।

*****

अनुबंध

श्री धनंजय भीमराव महाडिक द्वारा महाराष्ट्र में पर्यटन अवसंरचना के संबंध में दिनांक 13.08.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 3021 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

महाराष्ट्र में तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के तहत संस्वीकृत परियोजना का विवरण:

राशि (करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**संस्वीकृत राशि**
1.	2017-18	त्र्यंबकेश्वर, नासिक का विकास	45.41

महाराष्ट्र में स्वदेश दर्शन योजना के तहत संस्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

राशि (करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**गंतव्य/स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**संस्वीकृत राशि**
1.	तटीय 2015-16	सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), मितभव का विकास	19.06
2.	आध्यात्मिक 2018-19	वाकी - अदासा - धापेवाड़ा - पारदसिंघा - तेलनखंडी - गिराड का विकास	45.47

महाराष्ट्र में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत संस्वीकृत परियोजना का विवरण:

राशि (करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**गंतव्य**	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**संस्वीकृत राशि**
1.	पुणे	2024-25	शिवसृष्टि थीम पार्क	75.47

महाराष्ट्र में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के तहत संस्वीकृत परियोजना का विवरण:

राशि (करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**गंतव्य/श्रेणी**	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**संस्वीकृत राशि**
1.	अहमदनगर (संस्कृति एवं विरासत)	2024-25	अहमदनगर किले का विकास	25.00

*****